## खबर संक्षेप



### किसान सम्मान की राशि जारी नेताम ने जताया आभार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरे कार्यकाल का शपथ लेते ही देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि जारी करने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश के 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं। कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास को प्राथमिकता में लेकर काम कर रही है।

### अब तुलसी पूजा पर मिलेगी सरकारी छुट्टी

**रायपुर।** राज्य सरकार ने देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) की छुट्टी की घोषणा की है। इस साल 12 नवंबर को पर्व के दिन सभी सरकारी कार्यालयों और संस्थानों में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही अब नागपंचमी पर मिलने वाली छुट्टी अब नहीं मिलेगी। दरअसल, इस साल नागपंचमी के पर्व के लिए सरकारी दफ्तरों में 9 अगस्त छुट्टी घोषित की गई थी, जिसके बदले में राज्य सरकार ने नागपंचमी के त्योहार की छुट्टी को परिवर्तित करते हुए देवउठनी एकादशी यानी तुलसी पूजा को छुट्टी घोषित की है। रायपुर शहर और नया रायपुर अटल नगर स्थित सभी सरकारी दफ्तरों और संस्थाओं के लिए छुट्टी कैलेंडर में यह संशोधन किया गया है।

### हरनाम बने अध्यक्ष



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित सामाजिक भवन में रविवार को पूज्य पंचायत नहरपारा का आमसभा और चुनाव किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से सिंधी समाज के लोगों ने अध्यक्ष पद के लिए हरनाम सिंह तलरेजा को चुना। अब नए अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी गठित करेंगे। यह जानकारी पंचायत के सदस्य किशोर आहूजा ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर बलराम पी आहूजा, नत्थूलाल धनवानी, अशोक छेतिजा, अमर गिदवानी, नरेश संतवानी, नंदलाल छाबड़ा, अमर वलेचा, महेश आहूजा, शंकरलाल दानवानी, जवाहर पंजवानी, जयराम बढेजा, महेश खूबचंदानी, मनोहर ठंकरानी, महेश वलेचा सहित अन्य समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### मां गांड़ा महासभा की बैठक में समाज के लोगों को जोड़ने का लिया संकल्प



**रायपुर।** त्रिमूर्ति नगर स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को जय बूढ़ी मां गांड़ा महासभा की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित मां गांड़ा महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि जय बूढ़ी मां गांडा महासभा द्वारा पिछले सरकार से समाजिक हित के लिए जमीन और जाति प्रमाण-पत्र और नुआखाई में एक दिवसीय छुट्टी की मांग की गई थी, ये मांगें सरकार बदलने के कारण रुक गई है, जिसे वर्तमान सरकार से पूरा करने का प्रयास गांड़ा महासभा द्वारा किया जाएगा। साथ ही आगामी जगन्नाथ रथ यात्रा के दिन सामाजिक मंच और नुआखाई के अवसर पर राजधानी में शोभायात्रा निकाली जाएगी, इसके लिए जय बूढ़ी मां गाड़ा महासभा द्वारा पूरे प्रदेश और रायपुर राजधानी में समाज के लोगों को जोड़ने और मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में त्रिनाथ जगत, शंकर तांडी, राधे नायक, माधव छुरा, संजय सोनी, राशिद, रोशनी बाघ, देवराज महानंद, जीतू सागर, श्याम सिक्का, सागर तांडी, विजय छुरा, दीपक दीप, मकरन तांडी, कृष्णा राणा, सदाराम बेहरा, अशोक बघेल, हरी बाघ, रवि निहाल, वासु छुरा, कानू छुरा, जगन्नाथ सोनी, उत्तम तांडी, चैतराम जगत सहित समिति के समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राशन घोटाले की घोषणा के बाद सक्रिय हुआ खाद्य विभाग, कलेक्टरों से मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस सरकार के समय में हुए राशन घोटाले की विधायकों की समिति से जांच कराने की घोषणा के बाद खाद्य संचालक ने कलेक्टरों को पत्र लिखकर जानकारी मांगी है। मामले में यह जानकारी मांगी गई है कि प्रदेश की 13 हजार से अधिक राशन दुकानों में कितनी कमी पाई गई। उनमें से कितने की वसूली की गई, कितने पर प्रकरण दर्ज किया गया। घोटाले के लिए गठित जांच कमेटी की अभी पहली बैठक नहीं हुई है, उसके पहले ही विभाग की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि उचित मूल्य दुकानों में सितंबर 2022 के बचत स्टाक का सत्यापन खाद्य अधिकारियों ने किया था। जांच रिपोर्ट दिसंबर 2022 से मई 2023 के दौरान प्रस्तुत की गई।

मामले में खाद्य संचालनालय के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर राशन दुकानों में चावल, शक्कर, गुड़, चना सहित राशन सामग्री को बेचने का आरोप है। साथ ही प्रधानमंत्री खाद्यान्न सुरक्षा योजना का लाखों क्विंटल चावल को ब्लैक मार्केट में बिकवा दिया गया था। खाद्य संचालनालय के अपर संचालक के साथ मिलकर राशन दुकानों से चावल, शक्कर की कालाबाजारी की जानकारी आई थी। तेरह हजार राशन दुकानों को सालभर के कोटे की तुलना में दो से तीन गुना अधिक चावल का कोटा जारी कर छह अरब का राशन चावल की अफरातफरी हुई थी। बताया जाता है कि घोटाले को दबाने के लिए साफ्टवेयर से तेरह हजार राशन दुकानों के घोषणा पत्र गायब कर दिए गए थे। मैदानी अमले पर एफआईआर, निलंबन, विभागीय कार्रवाई की धमकी देकर बाजार से चावल खरीद कर रखवाने का काम करवाया गया है। राजस्व वसूली के लिए बिना प्रकरण बनाए नोटिस जारी करवाया गया था। मामला जब प्रकाश में आया, तो एक सप्ताह में राशन घोटाले में राशन दुकानों में बचे चावल की मात्रा की जानकारी के नाम पर खाद्य संचालनालय के अपर संचालक ने बोगस जानकारी भेज दी थी।

## राशन की कमी, वसूली और कितने प्रकरण दर्ज कर की गई कार्रवाई

### समिति की बैठक जल्द होगी

समिति के सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि समिति की बैठक सभापति के आदेश पर जल्द होगी। तिथि अभी तय नहीं हुई है। पहली बैठक में जांच के बिन्दु तय किए जाएंगे। विभाग से भी इस संबंध में की गई कार्रवाई की जानकारी ली जाएगी।



## आयोजन : ग्राम बेलोदा में गोंडवाना गोंड़ समाज ने किया कार्यशाला का आयोजन

# समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने युवक-युवतियों को रीति-रिवाजों व संस्कृति की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

गोंडवाना गोंड़ समाज ब्लॉक डौंडी द्वारा ग्राम बेलोदा में अपने समाज की रीति-रिवाज संस्कृति को युवा पीढ़ी को प्रदान करते के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डौंडी ब्लॉक के लगभग सभी गांवों के गोंड़ समाज के लया-लयोर तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रातः सुबह 7 बजे सभी युवक-युवतियों एवं समाज के लोगों ने अपने पेन पुरखा की सेवा अर्जी कर उद्घाटन किया।

समारोह के मुख्य अतिथि नरेन्द्र नेताम ने समाज के सतरंगी झंडे का ध्वाजारोहण किया। कार्यशाला में विशेष अतिथियों में मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, बसंती दुग्गा अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडी, तिरुमय किरण नुरुटी पेन व्यवस्था मास्टर ट्रेनर कोंडानार, तिरुमाल नेमसिंह उइके जिला उपाध्यक्ष बालोद भुसरेंगा, तिरुमय अनिता कुमेटी महिला प्रभाग अध्यक्ष डौंडी, तिरुमय ललिता कांगे महिला प्रभाग सदस्य मंगल तराई, महेश कोरेटी तहसील डौंडी महासचिव, मोहन हिडको डौंडी ब्लॉक उपाध्यक्ष, भोलाराम नेताम सलाहकार गोंडवाना समाज डौंडी, तुकाराम कोर्राम महासभा मोहला संयुक्त सचिव, स्यामसिंह नेताम जिला बालोद मीडिया प्रभारी गोंडवाना महासभा, प्रेम सिंह कुंजाम जिलाध्यक्ष छःग गोंडवाना महासभा बालोद, चुन्नु लाल गोटा पूर्व तहसील अध्यक्ष डौंडीलोहारा, तुलसी राम मरकाम संभागीय सदस्य, समीर धुर्वा मीडिया प्रभारी गोंडवाना समाज डौडी, बिरबलसिंह कुंजाम सर्कल अध्यक्ष हर्राठेमा,देव केराम सर्कल अध्यक्ष चिखली, चंद्रभान गावड़े ब्लॉक सचिव डौडी, सागर गावड़े सहसचिव ब्लॉक डौडी,जैस मंडावी कोसा अध्यक्ष ब्लॉक डौडी, नरेश धुर्वे सर्कल अध्यक्ष भर्रीटोला, नागेश्वर सलाम युवा प्रभाग जिला अध्यक्ष बालोद व चैन सिंह नेताम, गोपाल कोरेटी, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।





**समापन आज :** बुधवार को कार्यशाला के दूसरे दिन समापन समारोह है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केदार कश्यप मंत्री वन परिवर्तन विभाग एवं जलवायु होंगे। विशेष अतिथि विकास मरकाम पूर्व उपाध्यक्ष छःग अनुसूचित जन जाति आयोग, ब्रम्हानंद नेताम पूर्व विधायक भानुप्रतापपुर क्षेत्र व सोमेश सोरी नगर पंचायत अध्यक्ष डौंडी रहेंगे।

### समाज के विभिन्न लोगों ने दी कई तरह की जानकारी

उसके बाद समाज के रीति रिवाज, संस्कृति, संवैधानिक उद्देश्य के बारे में प्रारंभिक जानकारी दी गई। समाज के नार व्यवस्था के बारे मास्टर ट्रेनर दिनेश गावड़े ने विस्तृत जानकारी दी। टुंडा, मंडा, कुंडा एवं संस्कृति के बारे में किरण नुरुटी प्राध्यापक महाविद्यालय कोण्डागांव ने जानकारी दी। बता दें कि किरण नुरुटी ने इस सम्बन्ध में रिसर्च कर पेन पुरखा के सम्बन्ध में एक पुस्तक भी लिखी है। पंडुम पर्व के बारे में नरेन्द्र टेकाम, पेशा कानून पांचवीं अनुसूची एवं संवैधानिक अधिकार के सम्बन्ध में अश्विनी कांगे सेनापति केबीकेएस द्वारा तथा खोरबहरा राम मंडावी मास्टर ट्रेनर द्वारा वन अधिकार मान्यता कानून के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। श्री नरेन्द्र नेताम अध्यक्ष मोहला संभाग ने रीति-रिवाज परंपरा के सम्बंधों में विस्तृत चर्चा कर समाज को सम्बोधित किया।

# विहिप ने दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण में शामिल बहनों को सौंपी जिम्मेदारी



**बालोद।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी संगठन की बैठक बालोद शहर के संस्कार शाला में आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम प्रभु श्री रामजी, माता दुर्गा व भारतमाता के तेलचित्रों पर माल्यार्पण व पूजन पश्चात बैठक प्रारंभ की गई। बैठक में बालोद जिला विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी शौर्य प्रशिक्षण में शामिल सदस्यों को दायित्त्व दिया गया।

इस बैठक में जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता, जिला मंत्री राज सोनी, जिला उपाध्यक्ष चौलेश देशमुख, मोनू सोनवानी, उमेश सेन, बोधन भट्ट की प्रमुख उपस्थिति में सर्वसम्मति से जिला मंत्री राज सोनी ने बहनों के दायित्त्व की घोषणा की। बैठक में डौंडी लोहारा प्रखंड दुर्गावाहिनी की संयोजिका दीपिका साहू कमकापार, सह संयोजिका दामिनी यादव भरदा को जिम्मेदारी दी गई। वहीं बालोद ग्रामीण प्रखंड संयोजिका हिना साहू पड़कीभाट, सह संयोजिका पुष्पांजलि चंद्राकर जुंगेरा व बालोद शहर अध्यक्ष के लिए संयोजिका पूजा यादव पाररास बालोद, सह संयोजिका ट्विंकल चक्रधारी बालोद आमापारा के नाम की घोषणा किया गया। इस बैठक में भरदा ग्राम दुर्गावाहिनी अध्यक्ष के लिए देविका रानी को व आमापारा वार्ड दुर्गावाहिनी अध्यक्ष यामिनी यादव को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में वनांचल क्षेत्र में संस्कार शाला केंद्र के माध्यम से छोटे बच्चों को संस्कारित शिक्षा व धार्मिक शिक्षा देने वाली कमकापार की दुर्गावाहिनी की बहन दीपिका साहू के नेक प्रयास व कार्य की सभी ने तारीफ की व बहन का उत्साह बढ़ाया। सभी प्रशिक्षित बहनों से कहा गया कि वह भी अपने शहर ग्राम केंद्रों में इसकी शुरुआत कर धर्म व समाज की मजबूती के लिए स्थानीय स्तर पर काम करें। वहीं, अपने-अपने घरों के पास के मंदिरों में साप्ताहिक मिलन के तहत दुर्गापाठ व धर्म समाज की बहनों से विचार विमर्श करें, उन सभी को भी मंदिरों में आने प्रेरित करें। बैठक में मातृशक्ति संगठन की पुनिता मिश्रा, आकाश साहू, दुर्गावाहिनी की सदस्य हिना साहू, दीपिका साहू, पूजा यादव, ट्विंकल चक्रधारी, पुष्पांजलि चंद्राकर, यामिनी यादव, टेमेश्वरी देशमुख, देविका रानी, दामिनी यादव सहीत अन्य विहिप के सदस्य उपस्थित थे।

# पीएम सम्मान निधि से किसानों को कृषि कार्यों में होगी सुविधा : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के मुखिया संवेदनशील हैं। उन्हें धरातल की जानकारी है। उन्हें पता है कि वर्तमान में किसानों को कृषि कार्य के लिए नकद राशि की आवश्यकता है। इसीलिए उन्होंने अपने तीसरे कार्यकाल की शपथ लेते ही पहला काम किसानों के लिए किया और देश के 9.3 करोड़ किसानों को 20 हजार करोड़ रूपये की प्रधानमंत्री सम्मान निधि राशि जारी कर दी। इस राशि से किसानों को कृषि कार्यों में सुविधा होगी।



उक्त बातें जनसेवक व संजारी बालोद विधानसभा प्रत्याशी 2023 प्रदेश मंत्री भाजपा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद राकेश कुमार यादव ने नगर में प्रवास के दौरान कही। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत प्रदेश में 38 लाख से ज्यादा किसान पंजीकृत हैं। श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसान हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के किसानों के विकास को प्राथमिकता में लेकर काम कर रही है। साय सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए वादों को पूरा करते हुए प्रति क्विंटल 3100 रूपये के भाव से प्रति एकड़ 21 एकड़ क्विंटल धान खरीदने का वादा निभाया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों के पिछले दो साल के बोनस राशि को भी देकर किसानों का भरोसा जीत लिया है।

# हमारे कारण दूसरों को कोई दुख न हो



**डौंडीलोहारा।** सदगुरु कबीर कुटी अछोली में 6 जून को सद्गुरु नवयुवक मंडल आमीन माता महिला मंडल एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा सदगुरु कबीर प्रकट दिवस मनाया गया।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महंत मकरंद दास साहब द्वारा सत्यनाम ध्वज की आरती एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महंत साहब ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हम सभी को सदगुरु कबीर साहेब द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को इस तरह बनाना है कि हमारी वजह से किसी को कोई दुःख या तकलीफ ना हो। साथ ही साथ उन्होंने सतलोकवासी धीरूदास जी दीवान की गुरुभक्ति, प्रेम एवं दानशीलता के बारे में आए हुए श्रद्धालुओं को बताया। अंत में सात्विक यज्ञ चौका आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर अध्यक्ष षठबदन साहू, सचिव गेवेंद्र दास मानिकपुरी, पूर्व अध्यक्ष राम प्रसाद साहू, चूरेंद्र सोनबोइर,किशोरी लाल उर्वसा ,शिवकुमार साहू ,रेवती बाई साहू ,अहिल्याबाई मानिकपुरी, पुष्पलता साहू,जानकीबाई भंडारी, निर्मल रावटे, मोती कौशिक ,ईश्वर हदगिया,ऐनक दास साहू , सर्वराकार भरत लाल साहू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# सरकारी कार्यालयों स्कूल-कॉलेज सहित अन्य स्थानों पर लगाए जाएंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने सोमवार को समय सीमा की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने जिले में विश्वविद्यालय, कॉलेज, स्कूल सहित अन्य स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि इन जगहों पर ज्यादातर बबूल वृक्ष के पौधे लगे हुए हैं। इनकी कटाई कराकर उनकी जगह बड़े पेड़ों का रोपण किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्कूल, कॉलेज एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पानी की सुविधा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

**बारिश से पूर्व नाली-नालों की सफाई कराने दिए निर्देश**

कलेक्टर ने अधिकारियों को बारिश के पूर्व नाली-नालों की साफ-सफाई कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने आंधी, तूफान की स्थिति में सभी एसडीएम, बिजली विभाग के अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र का निरीक्षण करने के लिए कहा है ताकि संबंधित विभाग के अधिकारी को जानकारी उपलब्ध कराया जाए। इससे बिजली संबंधी समस्या का निराकरण तत्काल होगा। इसके अलावा उन्होंने बारिश के सीजन में मौसमी बीमारियों को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पतालों में दवाओं की उपब्धता सुनिश्चित रखने के साथ डॉक्टरों को अलर्ट रखें। कलेक्टर ने बैठक में जिला स्तरीय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि समय पर बिना सक्षम अनुमति के अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, एडीएम कीर्तिमान राठौर सभी अनुविभागीय अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने समय सीमा की ली बैठक



## कांग्रेस संगठन पर लगे अनियमितता के आरोप, हाईकमान को भी दी जानकारी

# हार के बाद समीक्षा की मांग, संगठन में फेरबदल की भी सुगबुगाहट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को मिली करारी हार के बाद कांग्रेस के नेता हार की समीक्षा की मांग उठाने लगे हैं। चुनाव में प्रत्याशी चयन से लेकर अन्य मामलों में पहले भी नाराजगी सामने आई थी। हार के बाद अब वरिष्ठ नेताओं ने कई लोकसभा में बाहर से प्रत्याशी उतारे जाने और स्थानीय लोगों को दरकिनार करने का मुद्दा बना लिया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी में फेरबदल की सुगबुहाट शुरू हो गई है। प्रदेश प्रभारी और कांग्रेस हाईकमान को चुनाव के समय कांग्रेस पदाधिकारियों ने पत्र लिखकर संगठन में अनियमितता सहित कई मामलों से अवगत कराया था। प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में रहते हुए यहां पर विधानसभा चुनाव हारी। अब लोकसभा चुनाव हारने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कामकाज पर भी उंगली उठ रही है। लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन की ओर से कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं को अपने ही प्रत्याशियों पर टिप्पणी किए जाने पर पार्टी से निलंबन और निष्कासन की कार्रवाई की गई थी। कई कांग्रेस नेताओं को नोटिस जारी किया गया, वे पार्टी ही छोड़ कर चले गए। ऐसे में लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता काम करने को तैयार नहीं थे। दूसरे जिलों के कार्यकर्ताओं को ले जाकर चुनाव प्रचार किया गया। स्थानीय लोगों ने वहां पर पार्टी के विरुद्ध कार्य किया जिसके कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।



### संगठन में होंगे फेरबदल

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के ढाई माह पहले ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को बदलकर दीपक बैज को कमान दी गई। पुरानी कार्यकारिणी के आधार पर उन्होंने पार्टी को आगे बढ़ाने का काम किया पर वे चुनाव हार गए। अब भी कांग्रेस संगठन की पूरी कार्यकारिणी नहीं बन पाई है। वहीं हाल कांग्रेस के अन्य विभागों का है जहां पर खींचतान के चलते लोगों में उत्साह नहीं है। दो चुनाव में करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन में ऊर्जावान लोगों को आगे बढ़ाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

### प्रभारी पर लगे आरोप

विधानसभा चुनाव के दौरान कई विधायकों की टिकट कटने के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और प्रभारी सचिव पर खुलकर आरोप लगाए गए। इस आरोपों के चलते कई लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। इन सभी ने पार्टी से किनारा कर लिया। कुछ लोगों ने अपने आरोप वापस लेते हुए माफी मांगकर लोकसभा चुनाव के समय अपने निष्कासन को वापस करा लिया। आरोपों के चलते नए प्रभारी सचिन पायलट बनाए गए पर वे पार्टी में जोश भरने में असफल रहे। चुनाव के बाद अब कांग्रेस को गति देने में असफल रहे।

# बलौदाबाजार हिंसा भाजपा सरकार की नाकामी : महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

> ■ घटना प्रदेश की लचर क़ानून व्यवस्था का प्रमाण : डॉ महंत

छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने बलौदा बाजार हिंसा को सरकार की नाकामी और प्रदेश की लचर क़ानून व्यवस्था का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा, प्रदेश की राजधानी रायपुर से लगे जिले में यह घटना चिंताजनक है। धर्म स्थली अमर टापू की घटना निंदनीय है। घटना से नाराज़ लोग न्याय की मांग को लेकर धरने पर थे। राज्य शासन-प्रशासन ने अगर समय पर आवश्यक कदम उठाए होते, तो आज नाराज़गी को इस हद तक जाने से रोका जा सकता था। सरकार सतनाम समाज की मांग अनुसार इस पूरी घटना की जांच कराये। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं समाज के लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। सतनाम समाज बाबा घासीदास के बताए शांति और सद्भाव के रास्ते पर चलने वाला समाज है।



**खबर संक्षेप**

### नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर हुई बैठक



**बालोद।** उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत एवं 13 जुलाई को आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में पैरालिगल वालिटियर्स की बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर द्वारा जारी एक्शन प्लान के अनुसार प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष डॉ. प्रज्ञा पचौरी के मार्गदर्शन में श्वेता उपाध्याय गौर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव ने उच्चतम न्यायालय में आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत एवं आगामी आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक से प्रचार–प्रसार करने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।

### निकुम में फरवरी में होगी शिव महापुराण कथा



**बालोद/निकुम।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम निकुम में आगामी फरवरी 2025 में शिव महापुराण कथा आयोजन किया जाएगा। क्षेत्र के युवा जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने बताया कि सिहोर के प्रसिध्द राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा शिवमहापुराण सुनाएंगे। श्री देशमुख ने बताया कि ग्राम निकुम में शिवमहापुराण आगामी वर्ष फरवरी 2025 में प्रस्तावित है। महिला समूह सहित अंचल के गांवों के ग्रामीण आपस में मिलकर शिवमहापुराण की कथा कराएंगे। श्री देशमुख ने बताया कि उक्त कार्यक्रम की तैयारी अभी से शुरू कर दी गई है।

### नो पार्किंग में खड़े 16 वाहनों पर कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने भियान चलाकर नो पार्किंग में खडे बारी वाहनों पर कार्रवाई किया है। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि हाईवे पेट्रोलिग ने नेशनल हाईवे, केनाल रोड में खडी भारी वाहन सड़क एवं आम रास्तो को बाधा उत्पन्न करती है। ऐसे वाहनो पर कार्रवाई किया है। 16 चालकों को खिलाफ मोटर एक्ट व्हीकल के तहत कार्रवाई किया है।

### कर्मी ने लगाई फांसी

**भिलाई।** बीएसपी कर्मी नने बाथरुम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-7 निवासी टोमन देशमुख सोमवार की सुबह नहाने के लिए बाथरूम गए थे। जहां पर फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर लिया। खबर लगने पर परिजनों ने बाथरुम का दरवाजा तोड़कर उन्हें सेक्टर-9 अस्पताल उपचार के लिए लेकर गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक ड्यूटी ज्वाइनिंग करनी थी,लेकिन अचानक आत्मघाती कदम ले परिजन भी हैरान है।

### पाइप चोरी

**भिलाई।** अज्ञात चोर ने वेट मशीन व पाइप को चोरी कर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि सुपरवाइजर ग्राम शिवपुरी जामुल अनिता साहू ने शिकायत किया है कि वार्ड 17 में उनका मणिकंचन केन्द्र 2 है।

**बैठक : बलौदाबाजार की घटना को देखते हुए सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की पहल**

# जिला प्रशासन ने ली समाज प्रमुखों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हाल ही में बलौदाबाजार जिले में घटित घटना के मद्देनजर बालोद जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में समाज प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बलौदाबाजार जिले जैसे घटना की पुनरावृत्ति न हो, इसके उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद जिले में विभिन्न समाजों के बीच सामाजिक सौहार्द्र, एकता एवं भाईचारे की विशिष्ट परंपरा की सराहना की। चन्द्रवाल ने जिले के सभी समाज के लोगों से जिले की सामाजिक सौहार्द्र तथा सभी समाज के लोगों के बीच आपसी भाईचारे की विशिष्ट परंपरा को कायम रखते हुए इस प्रकार की घटनाओं को रोकने में महती भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

### समाज प्रमुख द्वारा की जा रही संयम बरतने की अपील

बैठक में जिला सतनामी समाज के जिला संरक्षक यशवंत बारले ने कहा कि बालोद जिले में बलौदाबाजार जैसे घटना घटित न हो, इसके लिए सतनामी समाज द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज के प्रमुखों द्वारा सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से भी समाज के लोगों से संयम एवं समझदारी रखने की अपील की जा रही है।



### प्रदर्शन के दौरान प्रशासन अलर्ट तैनात रही फायर ब्रिगेड की गाड़ी



**बालोद।** जिले में पहली बार ऐसा देखा गया कि पुतला दहन के दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ी पुलिस प्रशासन द्वारा बुलाई गई थी। दरअसल बलौदाबाजार जिले में उपद्रवियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना को अंजाम दिया गया। उसका असर बालोद में भी देखा गया। बलौदाबाजार में प्रदर्शन के दौरान हुई आगजनी की घटना को देखते हुए बालोद पुलिस प्रशासन भी अब अलर्ट मोर्ड पर आ गया है। यही वजह है कि मंगलवार को युवा कांग्रेस द्वारा प्रदेश के गृहमंत्री का पुतला दहन कार्यक्रम की जानकारी मिलने पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फायर ब्रिगेड की गाड़ी को तैनात किया गया था।

### सामाजिक सद्भावना कायम रखने की अपील

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने बालोद जिले की शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण सामाजिक वातावरण का जिक्र करते हुए सभी समाज के लोगों से आपसी भाईचारा कायम रखते हुए इस प्रकार की घटना को रोकने में अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। बैठक में उपस्थित समाज प्रमुखों ने बलौदाबाजार की घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए सभी समाज के लोगों से आपसी भाईचारा एवं सामाजिक सद्भावना कायम रखने की अपील की। बैठक में उपस्थित समाज प्रमुखों ने जिले में इस प्रकार की घटना को घटित न हो इसके लिए अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। बैठक में समाज प्रमुख एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



## गृहमंत्री का पुतला दहन करने निकले युकांई, हुई झूमाझटकी

**बालोद।** सतनामी समाज के धार्मिक स्थल में हुए घटना के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने गृहमंत्री के पुतला दहन का प्रयास किया। पुतले को लेकर पुलिस प्रशासन व युकांइयों में झूमा झटकी भी हुई। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता जय स्तंभ चौक बालोद में गृह मंत्री का पुतला फूंकने के लिए जैसे ही कांग्रेस भवन से निकले तो पुलिस प्रशासन ने पुतला छीनने की कोशिश की। अंततः आंदोलनकारियों और पुलिस के बीच झूम झटकी हुई और पुतला छीन लिया गया। उसके बाद युवा कांग्रेस कार्यकर्ता नारेबाजी, विरोध प्रदर्शन करते हुए 10 मिनट तक जयस्तंभ चौक पर खड़े रहे। उक्त अवसर पर जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत बाला बोकड़े ने कहा कि कुछ दिनों पहले कुछ उपद्रवियों द्वारा गिरौदपुरी धाम की पवित्र अमर गुफा में स्थित जैतखंभ की तोड़फोड़ की गई थी। लेकिन ज़ब समाज आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे तो उन पर आंसू गैस व पानी की बौछार छोड़ा गया। समाज को इंसाफ दिलाने के बजाय उन पर लाठी चार्ज करना प्रदेश सरकार की सोच को दर्शाता है। इस दौरान जिला युवा कांग्रेस के आदित्य दुबे, वैभव शर्मा, दीपक सानू पाल, देवेंद्र साहू, मोहनीश पारकर, फरहान खान, आयुष सिंह राजपूत, गजेन्द्र ढीमर, अल्पसंख्यक युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष फैज अली, आबिद खान, शदाप कुरैशी, रोशन साहु, समस्त युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित थे।

## सड़क किनारे पत्थर से टकराई अनियंत्रित बाइक, चालक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मंगलवार सुबह सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह सहगांव निवासी डोमेन्द्र पिस्दा पिता उदय राम पिस्दा उम्र 48 वर्ष अपनी बाइक से लोहारा से अपने गृहग्राम सहगांव जा रहा था। इस बीच लगभग 11:30 बजे एकलव्य कालेज के सामने उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे पत्थर से टकरा गई। घायल बाइक सवार डोमेंद्र को संजीवनी 108 से सीएचसी डोंडीलोहारा पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

टीआई एलपी जायसवाल ने बताया कि मृतक मूलतः ग्राम सहगांव का निवासी था, जो किसी बोरवेल वाहन में कार्य करता था। किसी काम से वह नगर में आया हुआ था, जहां से लौटने के दौरान हुए सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि संभवतः सिर में गहरी चोट आने के कारण उसकी मौत हुई होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल सकेगा।

# पानी की समस्या से जूझ रहे कुंदरूपारा के निवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर के कुंदरू पारा वार्ड क्रमांक 15 स्थित अटल आवास में जलसंकट गहरा गया है। समस्या दूर करने की मांग को लेकर वार्डवासियों ने मंगलवार को कलेक्टर से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें पेयजल संकट दूर करने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। वार्डवासियों ने बताया कि अटल आवास में रहने वाले लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। हालांकि पानी का टैंकर वार्ड में आता है, लेकिन टैंकर समय पर नहीं आने से लोग पानी भर नहीं पाते। वार्डवासियों ने कलेक्टर को जल्द से जल्द पेयजल संकट से निजात दिलाने की मांग की है।

- कलेक्टर से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन, की समस्या दूर करने की मांग

आपको बता दें कि शहर के कुंदरूपारा क्षेत्र में पेयजल समस्या वर्षों पुरानी है और प्रभावित क्षेत्र में अटल आवास क्षेत्र भी शामिल है। इस क्षेत्र में पेयजल की सुविधा क्षेत्रवासियों को बेहतर ढंग से नहीं मिल पा रही है। इसके कारण पेयजल समस्या से वार्डवासी वर्षों से जूझ रहे हैं। गौरतलब है कि क्षेत्रवासियों की इस बड़ी समस्या को लेकर हरिभूमि ने लगातार खबर प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यान केंद्रित कराने का प्रयास किया। इसके फलस्वरूप अटल आवास के ठीक पीछे पानी टंकी का निर्माण कार्य शुरू हो गया, लेकिन इस पर हाई कोर्ट द्वारा स्टे लगा दिया गया है।



### नगर पालिका को नहीं मिल रही दूसरी जगह

वहीं, कोर्ट द्वारा स्टे लगाए जाने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षद पानी टंकी का निर्माण के लिए स्थान ढूंढने की बात कह रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई दूसरी जगह नहीं मिल पाई है, जहां पानी टंकी का निर्माण कराया जा सके। कुछ ही दिनों बाद मानसून लग जाएगा, जिसके बाद पानी टंकी बनना मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में वार्डवासियों को आने वाली गर्मी में भी इसी तरह से पानी की समस्या से जूझने की आशंका सता रही है।

## लोगों को अवैध प्लाटिंग से आगाह करने नगर पालिका ने लगाया सूचना बोर्ड




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नगर पालिका द्वारा अवैध प्लाटिंग क्षेत्र में तोड़ फोड़ करने के बाद उस स्थल पर सूचना बोर्ड लगा दिया गया है। इसमें खसरा नंबर का उल्लेख करते हुए इसकी टुकड़ों में खरीदी-बिक्री को अवैध घोषित किया गया है।

- पखवाड़ेभर पहले स्टेडियम के पास तीन एकड़ में की गई अवैध प्लाटिंग में की गई थी तोड़फोड़

एक पखवाड़ा पूर्व नगर पालिका प्रशासन ने नगर के स्टेडियम के पास लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में की गई अवैध प्लाटिंग में तोड़ फोड़ की थी। तब नगर पालिका प्रशासन ने आम जनता को आगाह करने के लिए सूचना बोर्ड लगाने की बात कही थी। अब नगर पालिका प्रशासन ने वहां सूचना बोर्ड लगा दिया है। सूचना बोर्ड के माध्यम से लोगों को आगाह किया गया है कि खसरा नंबर 621/8, 621/9, 621/10, 621/12, 621/13, 621/18 में अवैध प्लाटिंग है। उक्त भूमि का क्रय-विक्रय अवैध है। जो भी क्रय विक्रय करेगा वह स्वयं जवाबदेह होगा।

सूचना बोर्ड को अवैध प्लाटिंग करने वालों द्वारा क्षति पहुंचाए जाने की संभावना को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने चेतावनी दी है कि सूचना बोर्ड को क्षति पहुंचाने वालो के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अवैध प्लाटिंग में तोड़फोड़ करने के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने नगर के सभी अवैध प्लाटिंग क्षेत्रों में सूचना बोर्ड लगाने की बात कही थी, जिसका शुरूआत कर दी गई है, लेकिन नगर के दर्जनभर स्थल और हैं जहां अवैध प्लाटिंग की जा रही है, वहां सूचना बोर्ड नगर पालिका प्रशासन कब तक लगाता है और उनके खिलाफ क्या कोई कार्रवाई करता है, यह देखने वाली बात होगी।

**मानसून पूर्व हुई बारिश के बाद खरीफ की तैयारी में जुटे अन्नदाता**

# तेज धूप व गर्मी के बीच अकरस जोताई में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जिले में बेमौसम बारिश के बीच अचानक तेज धूप गर्मी जहां नागरिकों के लिए मुसीबत बन गई है, तो वहीं किसानों के लिए मौसम उपयुक्त नजर आ रहा है। इसके कारण किसान अपने खेतों की ट्रैक्टर से जोताई में जुटे नजर आ रहे हैं। गर्मी के समय किसानों की खेतों की मानें तो खेतों जुताई से नष्ट का गर्मी के हो जाते हैं समय में जोताई खरपतवार करवाने से खरपतवार नष्ट हो जाते हैं।

साथ ही बरसात के दिनों में खरपतवार की समस्या दूर हो जाती है। इसके अलावा बरसात के दिनों में एक बार पुनः हल चलाकर धान की बोवाई करने में भीषण गर्मी से मनुष्य के साथ पशु-पक्षी भी परेशान भीषण गर्मी से आम नागरिकों के साथ ही पशु पक्षियों का भी जीना मुश्किल हो गया है। बीते कुछ दिनों से मौसम का मिजाज बदलने से लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। इसके कारण हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या में वृद्धि नजर आने लगी है। वहीं, पशु पक्षी भी भीषण गर्मी से बचने के लिए पानी का सहारा लेते नजर आ रहे हैं।



शेष साहू चिंगरी निवासी ने बताया कि रबी फसल लेने वाले अधिकांश किसान मौसम के फेर बदल से परेशान नजर आ रहे थे, जिन्हें खेतों में लगी धान की फसल के साथ ही सब्जियों की खेती की चिंता सताने लगी थी उन्हें अब मौसम के खुलने से राहत मिली है। हालांकि किसानों को रोजाना की तरह खराब मौसम के चलते आंधी तूफान के साथ बारिश होने का डर लगा हुआ है।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### अधीक्षक के लिए 13 को होगा सत्यापन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में संचालित आईटीआई में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर भर्ती होनी है। इसके लिए अभ्यर्थियों का छठवें चरण का दस्तावेज सत्यापन 13 जून को सुबह साढ़े 9 बजे से विधानसभा रोड सड्डू रायपुर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के लिए अभ्यर्थियों को एसएमएस और सोसल मीडिया के माध्यम से सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। रिक्त पदों के विरुद्ध 03 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया है। वेबसाइट जानकारी अपलोड की गई है। सत्यापन के बाद 14 जून को दावा आपत्ति की जा सकती है।

### धारदार हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ लोगों को डराने धमकाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कर्मा भवन सुपेला के पास आरोपी थानू यादव और अर्जुन नेताम लोगों को डरा धमका रहे थे। सूचना पर पुलिस ने स्कूल सुपेला के पास से दोनों को पकड़ लिया। आरोपी से पुलिस ने लोहे का धारदार हथियार चापड़ जब्त किया है।

### रुपए नहीं मिलने पर सास ससुर की जमकर पिटाई

**भिलाई।** पत्नी से शराब पीने के लिए रुपए मांगा नहीं देने पर पत्नी, सास, ससुर पर हमला करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के मुताबिक न्यू खुर्सीपार निवासी अंजू यादव का विवाग वीरेंद्र के साथ 7 वर्ष पहले शादी हुई थी। शादी के बाद से पति वीरेन्द्र शराब पीने के लिए लगातार रुपए का डिमांड करता रहा। कुछ ही दिन पहले भैंसबोड सेलूद में अपने ससुराल से वह बच्चों के साथ खुर्सीपार मायके परेशान होकर आ आई। मायके आते समय पति भी वीरेन्द्र भी साथ आ गया। सोमवार की सुबह वीरेन्द्र शराब पीने के लिए रुपए का डिमांड करने लगा। रुपए नहीं देने पर पत्नी के साथ विवाद करने लगा। दोनों के विवाद में बीच बचाव करने अंजू की मां पहुंची तो विवाद शांत कराने का प्रयास करने लगी। तब आरोपी वीरेन्द्र ने अपनी सास पर भी हमला कर दिया। उसके बाद आरोपी अपने मामा ससुर के घर चले गया। इस दौरान मुरली यादव पर भी हमला कर दिया।

### कार की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**भिलाई।** अपने परिवार और दमाद के साथ सेवानिवृत्त कर्मी परिक्रमा तकरने के दौरान अनियंत्रित कार के चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा मथुरा के कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना है। दुर्ग जिला में निवास करने वाले 66 वर्षीय मदन शाह अपने परिवार व बेटी दमाद के साथ वृंदावन गए हुए थे। सोमवार को मदन शाह समेत सभी साथ में मथुरा वृंदावन दर्शन करने गए थे। मदन शाह वृंदावन में अकेले ही परिक्रमा करने के लिए निकले थे। मदन जैसे ही देवरहा बाबा घाट की तरफ पहुंचे। तभी एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पीछे मदन को ठोकर मार दी। हादसे में मदन की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक 12 बजे तक होटल पहुंचने के बाद मदन को कॉल करने पर उनका मोबाइल

### निराकरण : आचार संहिता समाप्त होने के बाद पहली बार कलेक्टर ने सुनी समस्या

# तीन माह बाद लगा जनदर्शन, बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादी, भीषण गर्मी ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आचार संहिता समाप्त होने के बाद 11 जून को कलेक्टोरेट में पहले जनदर्शन का आयोजन हुआ। लेकिन, अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे ग्रामीणों को यहां भी भीषण गर्मी में समस्याओं का सामना करना पड़ा। जिस जगह पर बैठकर ग्रामीण अपनी बारी का इंतजार करते हैं, उस कक्ष का पंखा बंद पड़ा था।

मिली जानकारी के अनुसार जनदर्शन कक्ष में अपनी समस्या और विभिन्न मांगों के आवेदन पत्र लेकर कलेक्टर के इंतजार में बैठे ग्रामीणों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। यहां पंखा तो लगा है, लेकिन पंखा चालू नहीं था। वहीं, लोगों को परेशान होता देख आनन फानन में मैकेनिक बुलाकर पंखे को सुधरवाया गया। सबसे बड़ी बात प्रशासन को जब इसकी जानकारी पहले से ही थी कि मंगलवार को जनदर्शन होना है और सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण यहां पहुंचेंगे तो व्यवस्था पहले से ही सुधार कर लेनी चाहिए थी।

### जनदर्शन कक्ष में पंखा बंद होने से अपनी बारी का इंतजार कर रहे लोगों को हुई परेशानी





### कम पड़ गई जनदर्शन कक्ष की जगह, कई लोगों ने बाहर बैठकर किया इंतजार

ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू होने के कारण जहां जिले के कलेक्टोरेट परिसर में जनदर्शन तीन माह तक नहीं हुआ। वहीं, लंबे समय के बाद 11 जून मंगलवार को एक बार फिर से जनदर्शन शुरु हुआ। आचार संहिता खत्म होते ही जनदर्शन आयोजित होने की जानकारी मिलते ही जिले भर के विभिन्न गांवों से सैकड़ ग्रामीण अपनी समस्या तथा मांगों को लेकर कलेक्टर से मुलाकात करने कलेक्टोरेट पहुंचे थे। ग्रामीणों के लिए बनाए गए जनदर्शन कक्ष में जितने ग्रामीण बैठ सकते थे वे बैठे, जबकि कई ग्रामीण कक्ष के बाहर में पेड़ की छांव पर बैठे नजर आए।

### कलेक्टर चंद्रवाल ने सुनी लोगों की समस्या अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देश



**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुंचे लोगों के समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकरा ने भी आम लोगों की मांगों एवं समस्याओं को सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को उसके निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम सतमरा निवासी कृष्ण कुमार एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मुड़िया निवासी राम विलास ने अपनी जमीन का सीमांकन करने की मांग की। वहीं, मुस्लिम समाज डौण्डीलोहारा के प्रतिनिधियों ने अपने समाज के लिए जमीन आवंटित करने की माँग की। ग्राम कमरौद निवासी रामेश्वर यादव ने बारिश के दौरान अपने घर से पानी की निकासी व्यवस्था करने की मांग की। लाटाबोड़ निवासी नामदेव ने खाता विभाजन करने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर किया।

## जिपं सदस्य कृतिका ने किया मनरेगा कार्यों का निरीक्षण, श्रमिकों से की चर्चा

**बालोद।** जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू एवं जनपद सदस्य हरिश्चंद्र साहू ने मनरेगा कार्य का निरीक्षण किया।

कृतिका साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे स्वर्णिम काल के शपथ ग्रहण के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश, जिला, मंडल, बूथ के सभी भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी श्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में लग गए हैं। इसी कड़ी में जिला पंचायत बालोद की सदस्य कृतिका सतानंद साहू ने मनरेगा कार्य का निरीक्षण किया।

मंडल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा ने बताया कि जनपद पंचायत बालोद के अधीनस्थ पंचायत, अरौद, लाटाबोड़ पंचायत में चल रहे मनरेगा कार्य का निरीक्षण किया, जहां पर मजदूरों के साथ बातचीत कर मनरेगा कर्मचारियों को भी समझाइश दी। उन्होंने कहा कि आप कार्य के लिए पानी का बोतल लेकर अवश्य आएं। जितनी जल्दी हो सके कार्य को पूरा कर आराम करें और छांव पर बैठे। मनरेगा मेटों के द्वारा बताए गए दिशा निर्देश का पालन करते हुए सरलता से सहजता से कार्य को पूर्ण करें। क्षेत्र के जनपद सदस्य सभापति महिला बाल विकास हरिश्चंद्र साहू ने बताया कि इस कार्य के लिए लगभग 11 लख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, जिसमें 10 लाख मजदूरी के माध्यम से एवं 1 लाख सामग्री के माध्यम से इस राशि को पूर्ण की जानी है। वहीं, इस कार्य के निरीक्षण के लिए लगे हुए रोजगार सहायक एवं मेट समय पर पहुंचकर अपनी सारी जिम्मेदारी को निर्वहन कर रहे हैं।



### दिनभर गर्मी के बाद हुई राहत की बारिश...



**बालोद।** मंगलवार को सारा दिन भीषण गर्मी ने जहां लोगों का पसीना छुड़ा दिया, तो वहीं शाम होते ही करीब 5 :30 बजे गरज चमक के साथ बारिश हुई। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है।मंगलवार को शाम को हुई बारिश खण्डवर्षा रही। शहर के कॉलेज व थाना सहित आसपास के क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई तो वहीं शहर के जय स्तंभ चौक तथा आसपास के क्षेत्र में कम वर्षा हुई, जबकि शहर के बाहर बूंदाबांदी ही हुई। भले ही खण्डवर्षा हुई, लेकिन मौसम में ठंडकता आने से लोगों को राहत मिल गई।

# मानसून पूर्व कर लें सभी तैयारियां : चंद्रवाल

### कलेक्टर ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर दिए दिशानिर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को निकट भविष्य में वर्षा ऋतु के आगमन के मद्देनजर जिले में मानसून के आगमन के पूर्व सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की स्थिति उत्पन्न होने पर जन–जीवन को सामान्य बनाने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी सहकारी समितियों में समुचित मात्र में खाद, बीज की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि किसानों को खाद, बीज का प्रबंध करने में किसी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न न हो। कलेक्टर चन्द्रवाल ने अधिकारियों को मानसून के आगमन के पूर्व जिले के सभी शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में समुचित मात्र में खाद्यान एवं अन्य जरूरी सामग्रियों का भण्डारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे कि बारिश के दिनों में आम जनता एवं खासकर सुदूर वनांचल व पहुँच विहीन क्षेत्रें के लोगों को खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी चीजों के लिए किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों से वर्षा ऋतु के दौरान प्राकृतिक आपदा आदि से निपटने के लिए बनाए गए योजना के संबंध में जानकारी ली।

चन्द्रवाल ने इस दौरान पूरे शासकीय अमला को 24 घण्टा मुस्तैद रखकर किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर प्रभावित लोगों के लिए तत्काल मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान बाढ़ तथा आकाशीय बिजली गिरने के अलावा आँधी, तूफान आने से होने वाले क्षति को रोकने तथा इस दौरान प्रभावित परिवारों को मदद पहुँचाने के लिए बनाए गए रणनीति के संबंध में भी जानकारी ली।



### अधिकारी-कर्मचारियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति की हर सप्ताह देनी होगी रिपोर्ट

बैठक के दौरान श्री चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिला चिकित्सालय बालोद एवं जिले के सभी अस्पतालों का नियमित रूप से निरीक्षण कर व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों एवं अधिकारी–कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराकर मरीजों के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने अस्पताल के अधिकारी–कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराकर प्रत्येक सप्ताह इसका रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही अस्पताल के अधिकारी–कर्मचारियों का वेतन निकाला जाएगा। बैठक में आज उद्योग विभाग के अधिकारियों के द्वारा विभागीय योजनाओं को हासिल करने के लिए उनके विभाग के द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

### वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियों की रोकथाम के उपाय करें

कलेक्टर ने अधिकारियों को इसके लिए पूर्व तैयारी करने के भी निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को वर्षा ऋतु के दौरान फैलने वाले जल जनित बीमारियों की रोकथाम तथा प्रभावित व्यक्तियों को तत्काल स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी चिकित्सालयों तथा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के अधिकारी–कर्मचारियों के पास जरूरी दवाई आदि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सर्पदंश से होने वाले जनहानि को रोकने हेतु सभी चिकित्सालयों में समुचित ईलाज की व्यवस्था एवं एंटीवेनम आदि भी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कंट्रोल रूम की स्थापना कर उसे 24 घण्टे क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को वर्षा ऋतु के दौरान जिले में अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उनका समुचित देखभाल भी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के साथ राजस्व प्रकरणों का निराकरण भी करने के निर्देश दिए।

### प्राणघातक हमला, आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते युवक पर प्राणघातक हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि डुमरडीह बजरंग चौक निवासी तिलक यादव रविवार की रात सूरज कुमार जांगडे के साथ बातचीत करते बाजार चौक उतई पास बैठा था। अपनी बाइक सीजी 07 बीटी 6640 को स्वयं चलाते हुए सूरज कुमार जांगडे को पीछे बैठाकर घर जाने निकले थे। इस दौरान गांधी चौक उतई पास पहुचते ही गितेश वर्मा, शुभम साहू स्कूटी सीजी 04 केएस 7148 में आये।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चेदानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

### नगर में सोमवार को हुआ कव्वाली का आयोजन

# कव्वाली कार्यक्रम में हवा में उड़ा दिए लाखों रूपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- मंगलवार को नोट उड़ाते हुए वीडियो हुआ वायरल, दिनभर होती रही चर्चा

नगर में सोमवार की रात्रि में आयोजित कव्वाली मंगलवार को दिन भर चर्चा का विषय रही। चर्चा कव्वाली की नहीं हुई बल्कि कव्वाली के दौरान चार लोगों द्वारा हवा में उड़ाए गए रूपयों की रही। इस दौरान लाखों रुपए हवा में कव्वाल पर उड़ाए गए।

नगर के इतिहास में यह पहला अवसर है जब कव्वाली के दौरान खुलेआम लाखों रूपयें हवा में उड़ाए गए। इसका एक वीडियो भी दिन भर वायरल होता रहा।



वायरल वीडियो में पहले एक शख्स रूपये उड़ाते हुए दिखा। थोड़ी देर बाद एक और व्यक्ति रूपये उड़ाते सम्मिलित हुआ। उसके बाद तीसरा शख्स भी उसमें सम्मिलित हो गया और उसने भी जमकर रुपए हवा में उड़ाए। रुपए हवा में उड़ाने का क्रम यहां यहीं नहीं रूका। चौथा शख्स भी रूपये उड़ाते हुए सामने आ गया। फिर चारों ने मिलकर खुलेआम जमकर रुपए हवा में उड़ाए। नगर में व्याप्त चर्चा के अनुसार इस दौरान चारों ने मिलकर चार से पांच लाख रूपयों की बौछार कर दी। इसको लेकर नगर में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त रही। बताया जाता है कि वायरल वीडियो में जो शख्स हवा में पैसे उड़ाते दिख रहे हैं, वे गुण्डरदेही क्षेत्र के नहीं हैं। दुर्ग भिलाई बिलासपुर क्षेत्र के हैं और बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं।

Rahul Travels
TODAY OFFER
50% Discount on One Way Taxi

| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp